मुख्यमंत्री ने कोरिया-रायगढ़ को संभाग बनाने की घोषणा की

चर्चा में क्यों?

13 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरिया ज़िला मुख्यालय के बैकुंठपुर के मौहारी मैदान में आमसभा को संबोधित करते हुए कोरिया और रायगढ़ को संभाग बनाने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ में दो नए संभाग बनाने का ऐलान करने के साथ ही प्रदेश की जनता से शर्त भी रखी है। सीएम ने कहा है कि कॉन्ग्रेस की सरकार बनी तो प्रदेश में दो नए संभाग बनाए जाएंगे।
- विदित हो कि बैकुंठपुर से कॉन्ग्रेस की प्रत्याशी अंबिका सिंहदेव ने मुख्यमंत्री बघेल से बैकुंठपुर को संभाग बनाने की मांग रखी थी। इसके बाद भूपेश बघेल ने दो नए संभाग का ऐलान किया है।
- गौरतलब है कि फिलहाल प्रदेश में 5 संभाग- रायपुर, बिलासपुर, दुरग, बस्तर एवं सरगुजा हैं। रायपुर (1862) सबसे प्राचीन संभाग है जबकि दुरग (2013) सबसे नवीन संभाग है। वहीं सरगुजा (2008) छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद बना पहला संभाग है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/announcement-of-making-korea-raigarh-a-division